**राजकुमार चाहर**
संसद सदस्य (लोकसभा)
फतेहपुर सीकरी, आगरा (उ.प्र.)
राष्ट्रीय अध्यक्षः भाजपा किसान मोर्चा
सदस्यः स्थायी समिति–कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण
सदस्यः संस्कृति और पर्यटन
रेलवे हिंदी सलाहकार समिति

सत्यमेव जयते

सी–1/14, हुमायूँ रोड़,
निकट खान मार्केट, नई दिल्ली–110 003
फोन : 011–24655865
मोबाइल : 7895160009, 9411456789
ई–मेल : rajkumarchahar9@gmail.com

15,जनवरी,2026

क्रमांक HP/RKC/LS/Delhi/1312/2026 दिनांक..............................

आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी,
मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश सरकार,

विषयः फतेहपुर सीकरी बाइपास मार्ग पर महाराणा सांगा की भव्य प्रतिमा स्थापना हेतु भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने एवं आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किए जाने के संबंध में।-

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि फतेहपुर सीकरी (जनपद आगरा, उत्तर प्रदेश) के निकट सीकरी एवं राजस्थान की सीमा पर स्थित खानवा (खानुआ) का ऐतिहासिक मैदान भारतीय इतिहास का एक अत्यंत गौरवशाली एवं निर्णायक स्थल है। इसी स्थान पर वर्ष 1527 ईस्वी में मेवाड़ के महान योद्धा महाराणा सांगा एवं बाबर के मध्य ऐतिहासिक युद्ध लड़ा गया था। यह युद्ध न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था, बल्कि यह भारतीय स्वाभिमान, वीरता, बलिदान और राष्ट्ररक्षा की भावना का भी प्रतीक है।

महाराणा सांगा भारतीय इतिहास के उन महानायकों में से हैं, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संगठित प्रतिरोध खड़ा किया। उनका जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। दुर्भाग्यवश, इतनी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक भूमि पर आज भी ऐसा कोई स्थायी स्मारक अथवा भव्य प्रतिमा नहीं है, जो आने वाली पीढ़ियों को इस गौरवशाली इतिहास से जोड़ सके।

माननीय जी, फतेहपुर सीकरी एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है, जहाँ देश-विदेश से प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। यदि फतेहपुर सीकरी बाइपास मार्ग पर उपयुक्त स्थान पर महाराणा सांगा की भव्य एवं गरिमामयी प्रतिमा स्थापित की जाती है, तो इससे– भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय का सम्मान होगा। युवाओं एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रगौरव एवं ऐतिहासिक चेतना का विकास होगा। क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान की साझा ऐतिहासिक विरासत को सुदृढ़ पहचान मिलेगी।

अतः माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि फतेहपुर सीकरी बाइपास मार्ग पर भूमि चिन्हित कर प्रतिमा स्थापना हेतु आवंटित की जाए। संबंधित विभागों (संस्कृति, पर्यटन, लोक निर्माण, राजस्व) को संयुक्त रूप से आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए जाएँ। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार इस ऐतिहासिक दायित्व का निर्वहन करते हुए महाराणा सांगा जैसे राष्ट्रनायक को यथोचित सम्मान प्रदान करेगी और यह स्थल आने वाले समय में राष्ट्रीय प्रेरणा केंद्र के रूप में विकसित होगा।

सधन्यवाद

राजकुमार चाहर

प्रतिलिपि
जिलाधिकारी, आगरा (उ.प्र.)